# आकाशवाणी शिमला

## 20.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार डेयरी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्व है। पशुपालन विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने डेयरी सहकारी समितियों का गठन मिशन मोड पर करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये समितियां डेयरी क्षेत्र में युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश में छह नए दुग्ध संयंत्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे किसानों से दूध एकत्रित करने में सहायता मिलेगी और उनकी आर्थिकी भी मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान मिल्कफेड को निर्देश दिए कि पहाड़ी गाय के दूध से बने हिम घी ब्रांड को प्रोत्साहित करें ताकि किसानों को लाभकारी मूल्य मिल सकें। उन्होंने राज्य में गऊसदनों की स्थापना के लिए चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए इनमें तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

### योग तैयारी

संस्कृति मंत्रालय 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देश के एक सौ प्रमुख पर्यटन स्थलों और 50 अन्य सांस्कृतिक स्थलों पर योग सत्रों का आयोजन कर रहा है। ये सत्र विशाखापटनम में आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रमुख योग कार्यक्रम के पूरक होंगे। विशाखापटनम योग आयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग लेंगे। इस बीच केंद्रीय आयुष राज्यमंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा कि योग सिर्फ एक दिवसीय आयोजन नहीं बल्कि जीवनशैली है। उन्होंने लोगों से योग को जीवन में शामिल करने और परिवार के सदस्यों को भी इस ओर प्रेरित करने का आग्रह किया।

### योग–2

इधर, प्रदेश में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जन आंदोलन बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। राज्य में विभिन्न स्कूलों, ग्राम पंचायतों और आंगनबाड़ी केंद्रों सहित कई अन्य स्थानों पर योग दिवस के आयोजन को लेकर जरूरी प्रबंध किए जा रहे हैं। इस वर्ष योग दिवस की थीम है **एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य के लिए योग।**

### विधानसभा अध्यक्ष

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन–2 का वार्षिक सम्मेलन 30 जून से एक जुलाई तक धर्मशाला के तपोवन में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और जम्मू–कश्मीर के प्रतिभागी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के सभापति, राज्य विधानसभाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, मुख्य सचेतक और राज्यों के विधायक भी सम्मेलन में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि इसके अलावा कर्नाटक, असम, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और तेलंगाना के अध्यक्षों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। पठानिया ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य विधायी प्रक्रिया, लोकतांत्रिक प्रशासन और क्षेत्रीय सहयोग पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह मंच लोकतंत्र की सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान–प्रदान को सुगम और संसदीय संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### जगत सिंह नेगी

बागवानी, राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार बोद्ध धर्म की संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिबद्व है। वे कल किन्नौर के रिकांगपिओ में 27 अगस्त से नाको मठ में होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्र स्तरीय नरो गयनडुब कार्यक्रम के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म के तहत आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का होना जिला किन्नौर के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर उन्होंने हंगरंग घाटी में लोगों की समस्याएं भी सूनीं और मानूसन सीजन के मददेनजर जिले के दुर्गम व

संवेदनशील स्थानों पर जरूरी खाद्य सामग्री सहित अन्य सामान का उचित प्रबंध करने के अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

**श्रीखंड यात्रा**

पवित्र व धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण श्रीखंड महादेव यात्रा का आयोजन इस बार कुल्लू प्रशासन व श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट निरमंड द्वारा 10 जुलाई से 23 जुलाई तक किया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है।

———————————————